University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 15 July 2021

JAGRAN CITY PAGE I

## एमपीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 24 से

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को एमपीएड प्रथम, चौथे सेमेस्टर और एमकाम अप्लाइड इकोनामिक्स की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। एमपीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जुलाई से तीन अगस्त और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 जुलाई से चार अगस्त तक होंगी। वहीं, एमकाम अप्लाइड इकोनामिक्स चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 13 अगस्त तक चलेंगी। विवि की वेबसाइट पर इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। परीक्षा का समय दोपहर दो से तीन बजे तक रहेगा।

26 जुलाई को इलेक्टिव जियोलाजी, एप्लाइड जियोलाजी-2, छह और सात अगस्त को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन आफ प्रोजेक्ट, वायवा वाइस आन द प्रोजेक्ट/ प्रजेंटेशन होगा।

### एमपीएड प्रथम सेमेस्टर

24 जुलाई को रिसर्च प्रोसेज इन फिजिकल एजुकेशन, 27 जुलाई को फिजियोलाजी आफ एक्सरसाइज, तीन अगस्त को यौगिक साइंस और ओल्ड कोर्स में सभी एग्जम्टेड व बैक पेपर परीक्षाएं होंगी।

### एमपीएड चौथा सेमेस्टर

26 जुलाई को इन्फार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी इन फिजिकल एजुकेशन, 28 जुलाई को स्पोर्ट्स साइकोलाजी, चार अगस्त को स्पोर्ट्स मेडिसिन विषय की परीक्षा होगी।

### एमकाम अप्लाइड इकोनामिक्स चौथा सेमेस्टर

दो अगस्त को मॉनीटरी थ्योरी एंड प्रैक्टिस, मार्केटिंग एंड लाजिस्टिक, चार को पब्लिक इकोनामिक्स, इकोनामिक्स आफ पब्लिक इंटरप्राइज (ओल्ड कोर्स), छह को एंटरप्रिन्योरशिप एंड एमएसएमई, एंटरप्रिन्योशिप एंड स्माल बिजनेस (ओल्ड कोर्स), नौ को एनवायरमेंट एंड रिसोर्स इकोनामिक्स, 11 को रिसर्च मैथेडोलाजी व 13 को मॉनीटरी थ्योरी एंड प्रैक्टिस (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा होगी।

### एमए एजुकेशन चौथा सेमेस्टर

24 जुलाई को एजुकेशनल टेक्नोलाजी, 26 जुलाई को स्पेशल एजुकेशन, प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस आफ करिकुलम डेवलपमेंट, एनवायमेंटल एंड पापुलेशन एजुकेशन, मेजरमेंट इवेलुएशन एंड टेस्टिंग इन एजुकेशन, कम्पैरेटिव एजुकेशन, स्प्रीचुअल एजुकेशन, कम्प्यूटर्स इन एजुकेशन विषय की परीक्षा होगी।

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा में पूछे जाएंगे 140 अंक के प्रश्न

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही आनलाइन पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथियां जारी करेगा। प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्रों का प्रारूप तय हो चुका है। कुल 140 अंकों के प्रश्न होंगे। इनमें 35 प्रश्न रिसर्च मैथेडोलाजी और 35 प्रश्न चुने गए विषय आधारित होंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। प्रवेश परीक्षा में निगेटिव मार्किंग भी नहीं होगी।

लविवि पीएचडी प्रवेश परीक्षा आनलाइन कराएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, इसके लिए यूपी डेस्को से संपर्क किया गया है। जल्द ही तिथि तय होते ही परीक्षा केंद्र भी फाइनल किए जाएंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तिथि तय करने को लेकर काम चल रहा है। तीन-चार दिन में सभी चीजें तय हो जाएंगी।

**60 अंकों का होगा साक्षात्कार तीन परीक्षा केंद्र बनेंगे**

एडमिशन सेल के अधिकारियों के मुताबिक, पीएचडी दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की मेरिट और साक्षात्कार के आधार पर चयन सूची तैयार की जाएगी। प्रवेश परीक्षा के लिए 70 फीसद और साक्षात्कार से 30 फीसद वेटेज दिया जाएगा। साक्षात्कार 60 अंकों का होगा। इसके लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा तिथि तय होते ही केंद्र भी फाइनल हो जाएंगे। लविवि एवं सम्बद्ध कालेजों को मिलाकर 439 रेगुलर सीटों पर दाखिले होंगे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## उच्च शिक्षण संस्थानों में आज से परीक्षाओं का दौर

### डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में आज से यूजी-पीजी तो लविवि में कल से बीसीए व बीटेक की परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** मार्च से बंद विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षण संस्थान फिर से गुलजार हो रहे हैं। यहां बृहस्पतिवार से परीक्षाओं का दौर शुरू हो रहा है। 15 जुलाई से पुनर्वास विवि में यूजी-पीजी की परीक्षाएं तो 16 जुलाई से लविवि की बीसीए और इंजीनियरिंग की परीक्षा शुरू होगी। एकेटीयू की परीक्षा 20 जुलाई से और बीएड प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई को होगी। इस बीच जेईई मेन की अप्रैल सेशन की प्रवेश परीक्षा 20 से 22 जुलाई और मई सेशन की 25 से 27 जुलाई तक होगी। ऐसे में जुलाई मध्य से कोविड प्रोटोकॉल के साथ काफी संख्या में छात्र शिक्षण संस्थानों में परीक्षा देने के लिए पहुंचने लगेंगे।

लविवि में सबसे पहले बीसीए और बीटेक की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा 16 जुलाई से शुरू हो रही है। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ परीक्षा कराना लविवि प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। हालांकि, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बुधवार को कोरोना प्रोटोकॉल से जुड़े दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। बिना मास्क व सैनिटाइजेशन के कोई भी छात्र व विवि का स्टाफ प्रवेश नहीं कर सकेगा। सोशल डिस्टेंसिंग के लिए बेंच के बीच में एक छात्र को बैठाया जाएगा। पहली बेंच पर दो छात्र दोनों सिरे पर बैठ सकते हैं। हालांकि, परीक्षा केंद्रों को छात्रों की संख्या को देखते हुए सिटिंग अरेंजमेंट करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा कक्ष परीक्षा से पहले और बाद में सैनिटाइज करना होगा। छात्रों को परीक्षा से काफी पहले आने को कहा गया है।

**20** से एकेटीयू की परीक्षा | **24** से एमपीएड का एग्जाम | **30** से बीएड प्रवेश परीक्षा




बढ़ने लगी रौनक
लविवि में पहुंचीं छात्राओं ने ली सेल्फी। - अमर उजाला

### एमपीएड प्रथम और चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लविवि ने एमपीएड प्रथम व चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें रेग्युलर, एग्जम्पटेड बैक और इंप्रूवमेंट वाले छात्र शामिल हो सकते हैं। एक घंटे की परीक्षा दोपहर दो से तीन बजे तक होगी। प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत 24 जुलाई को रिसर्च प्रोसेस इन फिजिकल एजुकेशन, 27 जुलाई को साइकोलॉजी एक्सरसाइज, तीन अगस्त को यौगिक साइंस और ओल्ड कोर्स के सभी पेपर की परीक्षा होगी। चौथे सेमेस्टर के अंतर्गत 26 जुलाई को इंफॉर्मेशन कम्यूनिकेशन टेकभनोलॉजी इन फिजिकल एजुकेशन का प्रथम, 28 जुलाई को स्पोर्ट्स साइकोलॉजी का द्वितीय और 4 अगस्त को स्पोर्ट्स मेडिसिन का तृतीय पेपर होगा।

### बीएलएड, एमएड और एमए के परीक्षा केंद्र जारी

लविवि ने बीएलएड, एमएड और एमए एजुकेशन परीक्षा के लिए केंद्र बुधवार को जारी कर दिए। बीएलएड के लिए काली चरण डिग्री कॉलेज, सीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज व रजत गर्ल्स डिग्री कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं एमए एजुकेशन की परीक्षा लविवि में ही होगी। सभी कॉलेजों के छात्र यहां परीक्षा देंगे। एमएड की परीक्षा के लिए लविवि, अमीरुद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज, रजत कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### पुनर्वास विवि में दो पालियों में परीक्षा

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में स्नातक और परास्नातक अंतिम सेमेस्टर व स्पेशल बैक की परीक्षाएं 15 जुलाई से शुरू हो रही हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत परीक्षा कराई जाएगी। काफी संख्या में छात्र परीक्षा देने के लिए हॉस्टल में आ चुके हैं। परीक्षा के दौरान छात्र सैनिटाइजर और पानी की बोतल साथ लेकर आएंगे। सैनिटाइजेशन व मास्क के साथ ही परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो घंटे की परीक्षा दो पालियों सुबह नौ बजे से 11 बजे और दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगी। सुबह की पाली में 350 और दूसरी पाली में करीब 250 छात्र शामिल होंगे। इस बार महामारी को देखते हुए परीक्षा के पैटर्न में भी बदलाव किया गया है। इस बार पांच एमसीक्यू, दो दीर्घ, दो लघु उत्तरीय और चार अति लघुउत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

i-NEXT PAGE 5

## पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम में सामने होंगे 140 प्रश्न

**LUCKNOW(14 July):** लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ऑनलाइन पीएचडी एंट्रेंस एग्जम की डेट जारी करेगा. इस बार एंट्रेंस में 140 मार्क्स के प्रश्न पूछे जाएंगे. इनमें 35 प्रश्न रिसर्च मैथेडोलाजी और 35 प्रश्न चुने गए विषय आधारित होंगे. प्रत्येक प्रश्न दो मार्क्स का होगा. यूनिवर्सिटी प्रशासन के मुताबिक, इसके लिए यूपी डेस्को से संपर्क किया गया है. डेट तय होते ही सेंटर भी फाइनल किए जाएंगे. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की डेट तीन-चार दिन में फाइनल हो जाएगी.

### 60 मार्क्स का इंटरव्यू

एडमिशन सेल के अधिकारियों के मुताबिक, पीएचडी एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा की मेरिट और साक्षात्कार के आधार पर चयन सूची तैयार होगी. प्रवेश परीक्षा के लिए 70 फीसद और साक्षात्कार से 30 फीसद वेटेज दिया जाएगा. साक्षात्कार 60 अंकों का होगा. इसके लिए तीन एग्जाम सेंटर बनाए जाएंगे.

HINDUSTAN PAGE 6

## एलयू की ऑफलाइन परीक्षाएं कल से

**मिशन एग्जाम**

लखनऊ| **कार्यालय संवाददाता**

कोविड-19 महामारी के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय की ऑफलाइन परीक्षाएं 16 जुलाई से शुरू हो रहीं हैं। एलयू सिर्फ अन्तिम वर्ष और अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित कर रहा है।

परीक्षा के पहले दिन एमबीए, बीसीए, बीटेक और बीबीए के प्रश्न पत्र ऑफलाइन मोड पर बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र (एमसीक्यू) प्रणाली के आधार पर होंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसके लिए सचल दस्ता भी परीक्षा के दौरान सक्रिय रहेगा।

### 16 जुलाई की परीक्षाएं

- एमबीए चतुर्थ समेस्टर: दोपहर 12 से 1 बजे
- बीबीए छठा सेमेस्टर (आईबी) कम्प्यूटर एपलीकेशन-3, (एमएस) इंकम टैक्स लॉ एण्ड अकाउण्ट, एमबीए (पांच वर्षीय) इंट्रोडक्शन टू एचआरएम की परीक्षाएं दोपहर 3 से 4 बजे तक होंगी।
- बीटेक आठवें सेमेस्टर सुबह 8 से 9 बजे तक
- बीसीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा , सुबह 8 से 9 बजे तक।

### एमपीएड परीक्षा 24 से

एलयू ने एमपीएड पहले और चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। 24 जुलाई को रिसर्च प्रोसेस इन फिजिकल एजुकेशन, 27 को साइकोलॉजी ऑफ एक्सरसाइज, 3 अगस्त को योगिक साइंस एवं ओल्ड कोर्स के पेपर होंगे। चतुर्थ सेमेस्टर का पहला प्रश्न पत्र 26 जुलाई, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी का 28 एवं स्पोर्ट्स मेडिसिन का 4 अगस्त को होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में पहले दिन सभी परीक्षाएं एलयू न्यू कैम्पस में होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि छात्रों की संख्या को देखते हुए परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए छात्रों को परीक्षा से पूर्व पर्याप्त समय दिया जाए जिससे प्रवेश द्वार भीड़ न लगे। बिना मास्क के छात्रों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश न दिया जाए। परीक्षा केन्द्रों को पूरी तरह सेनेटाइज करने की व्यवस्था कराई जाए। जिससे संक्रमण का खतरा न हो।

## बीएड प्रवेश परीक्षा को सफल बनाने के निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021 को सफल एवं पारदर्शी रूप से कराना चाहता है। विभिन्न नोडल केन्द्रों पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों की बैठक शिक्षा संकाय के सभागार में आयोजित की गयी।

जिसमें राज्य समन्वयक द्वारा सभी नामित प्रतिनिधियों को परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में विभिन्न केन्द्रों के नोडल समन्वयकों-अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक की गयी। जिसमें राज्य समन्वयक प्रोफेसर अमिता बाजपेई ने 30 जुलाई को प्रस्तावित परीक्षा की प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तार से निर्देश दिये। जिससे परीक्षा में कोई व्यवधान न आने पाए।

PIONEER PAGE 4

## 16 जुलाई से शुरु होंगी एलयू की परीक्षाएं



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड-19** महामारी के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय की ऑफलाइन परीक्षाएं 16 जुलाई से शुरू हो रहीं हैं। परीक्षा के पहले दिन एमबीए, बीसीए, बीटेक और बीबीए के प्रश्न पत्र ऑफलाइन मोड पर बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र (एमसीक्यू) प्रणाली के आधार पर होंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसके लिए सचल दस्ता भी परीक्षा के दौरान सक्रिय रहेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय में पहले दिन सभी परीक्षाएं एलयू न्यू कैम्पस में होंगी।